
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 26.02.2023 से 04.03.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# करनाल में जनसंवाद कार्यक्रम

(दिनांक 26.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी रविवार को करनाल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे कि आमजन से जुड़ी जो भी समस्याएं होंगी, उन सभी का हल किया जाएगा। इसके लिए नियम भी बदलनें पड़ेंगे तो बदलेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार का दायित्व है। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान एक नया प्रयोग किया गया और पुलिस, नगर निगम, पंचायत व परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के लिए संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों की अलग –अलग कमेटी बनाकर जन समस्याएं सुनी गई। इस प्रकार जन संवाद कार्यक्रम में कुल 648 समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि इनमें से बहुत सी समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ समस्याओं के लिए अधिकारियो को निर्देश दिए गए हैं।



# पार्क का उद्घाटन

(दिनांक 26.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को पश्चिमी यमुना नहर काछवा पुल के नजदीक पार्क का उद्घाटन किया। यह पार्क 3.10 एकड़ में बनाया गया है तथा इस पर 2.40 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस पार्क के बनने से गांधी नगर, सैदपुरा, पाल नगर, शांति नगर, जरीफा फार्म, प्रेम नगर, राम नगर में रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए कूड़ा कचरा डाले जाने वाली 3.10 एकड़ भूमि पर पार्क बनाकर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के किनारे प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए विशेष सुविधाएं दी गई हैं। बकेट फाउंनटेन, रात्रि के समय सैर करने के लिए लाईटों का प्रबंध, फूलों के दो पोखर, पिकनिक के लिए मैदान, मल्टी जिम की व्यवस्था है। गौरतलब है कि इस पार्क का निर्माण माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से हुआ है।



# अंसल सिटी में ई.डबल्यू.एस. के मकानों का किया औचक निरीक्षण

(दिनांक 27.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल प्रवास के दौरान सोमवार को सुबह अंसल सिटी पहुंचकर हाउसिंग बोर्ड द्वारा गरीब वर्ग (ई.डबल्यू.एस.) लोगों के लिए बनाए गए मकानों का औचक निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इन मकानों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंसल सिटी वासियों की समस्याओं को भी सुना। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार की पॉलिसी के अनुसार हाऊसिंग सोसाइटी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले गरीब वर्ग (ई. डबल्यू.एस.) लोगों के लिए मकान बनाने का प्रावधान है, जिसके तहत करनाल शहर में अंसल सिटी, अल्फा





सिटी, सीएचडी सिटी तथा नरसी विलेज में मकान बनाए गए हैं।
उन्होंने हाऊसिंग बोर्ड की कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि इन मकानों की मरम्मत करवाने का प्रपोजल तैयार करें और इसकी शुरुआत अंसल सिटी से की जाए तथा इस कार्य को आगामी 20 मार्च तक पूरा करवाया जाए। इसके बाद सरकार द्वारा इन मकानों की ई–ऑक्शन की जाएगी। निरीक्षण के दौरान हाऊसिंग बोर्ड की कार्यकारी अभियंता दीक्षा मलिक ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि अंसल सिटी में 146 मकान, सीएचडी सिटी में 1012, अल्फा सिटी में 606 तथा नरसी विलेज में 179 मकान हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनवाए गए हैं।

# करनाल में फूसगढ़ स्थित गौशाला का दौरा

(दिनांक 27.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने करनाल के फूसगढ़ स्थित गौशाला का दौरा किया। उन्होंने गोवंश की हत्या के मामले में कहा कि हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोवंश की हत्या के मामले में पुलिस की जांच चल रही है। जांच में तथ्य सामने आए हैं कि आरोपियों ने गोवंश को जहरीला पदार्थ खिलाया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, तीन आरोपी अभी तक फरार हैं। जल्द ही इन फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने फूसगढ़ गौशाला में गोवंश की देखभाल को लेकर जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश के चारे की पूरी व्यवस्था की जाए। इसके साथ–साथ समय–समय पर इनके स्वास्थ्य की जांच भी होनी चाहिए। उन्होंने गौशला की चारदीवारी को लेकर भी नगर निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि की 13वीं क़िस्त जारी

(दिनांक 28.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने सदैव किसान हितैषी निर्णय लिए हैं। पिछले 8 वर्षों से फसलों की बुआई सीज़न आरंभ होने से पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किये जाते हैं ताकि किसान अपनी मर्जी से फसल बुआई का चयन कर सके और अपनी आमदनी बढ़ा सके।

कृषि आदानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हर साल 2–2 हजार रुपये की तीन क़िस्त जारी की जाती है। आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों के खातों में 13वीं किस्त जारी की है, इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा वासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पहले की सरकारें स्वामीनाथन आयोग के नाम पर भी किसानों को बरगलाती थीं। हरियाणा सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए 12 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा वर्ष 2015 में ही देने की शुरुआत की थी जबकि स्वामीनाथन आयोग ने अपनी सिफारिशों में 10 हजार प्रति एकड़ देने की बात की थी।

अब सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 15 हजार प्रति एकड़ किया है जो देश में सर्वाधिक है। पिछली सरकारें किसान को बेचारा ही रहना देना चाहती थी परंतु आज आईटी के युग में किसान आधुनिक तकनीक के साथ खेती कर रहा है।

हरित क्रांति में अपनी कड़ी मेहनत से देश को खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाला हरियाणा का किसान आज नील क्रांति व श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर है।

# नगर दर्शन पोर्टल की समीक्षा बैठक

(दिनांक 28.02.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज यहां सोनीपत में नगर दर्शन पोर्टल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान नगर दर्शन पोर्टल पर शहरी निकायों से संबंधित नागरिकों द्वारा विकास कार्यों से संबंधित भेजी गई मांगों और उन पर चल रहे कार्यों के क्रियान्वयन में देरी तथा कुछ अनिमियतताएं पाए जाने पर नगर निगम में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता गौरव गुलिया तथा नगर पालिका, जुलाना के सचिव ललित गोयल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन को सुविधाएं प्रदान करने के साथ–साथ सभी विकास कार्य समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करना है। अधिकारियों व कर्मचारियों के स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें।



# स्वामित्व योजना के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक

(दिनांक 28.02.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज स्वामित्व योजना के सम्बन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि एक आधुनिक भूमि माप प्रणाली स्थापित की जाएगी, जो सदियों पुराने श्रृंखला (जरीब) आधारित मापन का स्थान लेगी। इससे भूमि के माप में अधिक सटीकता और विश्वसनीयता आएगी और विवादों की गुंजाइश कम होगी। प्रदेश में इसके लिए अब 300 नये रोवर खरीदे जाएंगे ताकि हर जिले तथा तहसील का लार्ज स्केल मैपिंग से सम्बंधित कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर प्रथम चरण में दो जिलों का चयन किया गया है, जिनमें सोनीपत तथा करनाल जिले शामिल हैं। इन जिलों के लाल डोरे क्षेत्र से बाहर नगर निगम क्षेत्रों के तहत आने वाली कृषि भूमि व राजस्व भूमि पर लार्ज स्केल मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा, परिवार पहचान पत्र के साथ हर प्रॉपर्टी को भी लिंक किया जाएगा। इन जिलों में यह कार्य 15 अप्रैल, 2023 तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# कनाडा के प्रीमियर स्कॉट मो से शिष्टाचार मुलाकात

(दिनांक 01.03.2023)

**प्रभाव :** कनाडा के सस्केचेवान राज्य ने हरियाणा के साथ खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने की पेशकश की है। इस कड़ी में हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ प्रीमियर स्कॉट मो के नेतृत्व में



# साप्ताहिक सूचना पत्र

कनाडा के छः सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कनाडा भारत के साथ परमाणु क्षेत्र में पहले ही सहयोग कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल में कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री श्री स्टीफन हार्पर भी शामिल थे। बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा की भौगोलिक परिस्थितियों के बारे जानकारी दी। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा पहुँचने पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि प्रतिनिधिमंडल का हरियाणा दौरा एक अच्छा अनुभव रहेगा। हरियाणा कृषि प्रधान राज्य है। प्रति व्यक्ति आय व जीएसटी संग्रहण में भारत में शीर्ष स्थान पर है। विश्व की 400 से अधिक फार्च्यून कंपनियां गुरुग्राम में कारोबार कर रही हैं। आईटी और सॉफ्टवेयर में बेंगलुरु के बाद हरियाणा भारत में दूसरे स्थान पर है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2016 में अपने कनाडा दौरे के भी अनुभव प्रतिनिधिमंडल के साथ सांझे किये।

स्कॉट मो ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि सस्केचेवान के ट्रेड कार्यालय भारत सहित मैक्सिको, इंग्लैंड, संयुक्त राज्य अमीरात, वियतनाम, चीन और जापान देशों में स्थापित हैं। हरियाणा के साथ हम यूरेनियम, ऊर्जा उत्पाद, कृषि खाद उत्पाद व एविएशन टेक्नोलॉजी में भी सहयोग के लिए समझौता कर सकते हैं।



# गुरुग्राम में आयोजित एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक

(दिनांक 02.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम में आयोजित एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सम्मान में रात्रिभोज पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में स्वागत करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को जी–20 समूह की अध्यक्षता का सुअवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा के लिए भी गौरव की बात है कि गुरुग्राम में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक में पहुंचे इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल व उपमुख्यमंत्री जी ने भी रात्रिभोज पर संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह व विदेशी प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों का स्वागत किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां पर होने वाले मंथन के साथ–साथ आपको प्रदेश की प्रमुख महत्व वाले स्थानों, कला–संस्कृति, खान–पान आदि विविध पहलुओं से रू–ब–रू कराया जाएगा। रात्रिभोज पर संवाद में मेहमानों के लिए अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के तहत मोटे अनाज से तैयार व्यंजन व प्रदेश के विभिन्न शहरों की खास मिठाइयां परोसी गई। हरियाणा सरकार की मेजबानी से बैठक में पहुंचे विदेशी प्रतिनिधि बेहद प्रभावित नजर आए। कनाडा, इटली, ऑस्ट्रिया, मॉरीशस, स्विटजरलैंड व इंडोनेशिया आदि देशों के प्रतिनिधियों ने हरियाणा की मेजबानी और गुरुग्राम शहर को लेकर खुलकर प्रशंसा की। बैठक में शामिल कई प्रतिनिधि पहली बार भारत आए थे और उन्हें यहां मिले सम्मान व सत्कार को अतुलनीय बताया। उन्होंने रात्रि भोज पर संवाद कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के व्यंजनों, कला–संस्कृति पर आधारित पेंटिंग की प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की।

# ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर से शिष्टाचार मुलाकात

(दिनांक 02.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी हरियाणा भवन, नई दिल्ली में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री श्री टोनी ब्लेयर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं जैसे विषयों पर परस्पर सहयोग करने और नई संभावनाओं को तलाशने पर चर्चा हुई। श्री ब्लेयर ने माननीय मुख्यमंत्री जी को आश्वासन दिया कि उनकी संस्था टोनी ब्लेयर फेथ फाउंडेशन हरियाणा में स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवा रही है। हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए भी आयुष्मान भारत योजना तथा चिरायु हरियाणा योजना चलाई जा रही है। हरियाणा सरकार प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज खोल रही है, जिससे न केवल डॉक्टरों की कमी पूरी होगी बल्कि स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुदृढ़ होंगी। उन्होंने कहा कि टोनी ब्लेयर फेथ फाउंडेशन के सहयोग से प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में और विस्तार होगा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ होंगी।

इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने श्री टोनी ब्लेयर को श्रीमद्भगद्वगीता तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया।



# बल्लभगढ़ विधानसभा के 3 परियोजनाओं का उद्घाटन

(दिनांक 02.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज गुरुवार को बल्लभगढ़ विधानसभा में 39 करोड़ 70 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं के अवसर पर बोल रहे थे की उन्होंने वर्ष 2014 में जब सत्ता संभाली थी तो एक संकल्प लिया था कि हर विधानसभा क्षेत्र में समान विकास करवाएंगे। 8 वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने बिना भेदभाव के प्रदेश की हर विधानसभा में नई–नई परियोजनाओं की सौगात दी है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने 11 करोड़ रुपये की लागत से बने बल्लभगढ़ के उप मंडलीय कार्यालय परिसर, लगभग 27 करोड़ रुपये की की लागत से बने स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज कन्या महाविद्यालय और लगभग 1 करोड़ 70 लाख रुपये की धनराशि से रानी की छतरी के जीर्णोद्धार एवं



सौदर्यकरण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं उपमंडलीय कार्यालय परिसर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि राजा नाहर सिंह का बल्लभगढ़ से अनूठा रिश्ता है। इस शहर में स्थापित रानी की छतरी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य ऐतिहासिक दृष्टि से भी बहुत अच्छा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस बार प्रदेश के लिए 1 लाख 83 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। यदि नई डिमांड आएगी तो उन्हें भी पूरा करेंगे। हरियाणा की साख देशभर में बेहतर है, तभी देश ही नहीं दुनिया के लोग राज्य को पैसा देने के लिए खड़े हैं। प्रदेश की साख की वजह से ही आज 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर हरियाणा को पैसा मिल रहा है जबकि दूसरे प्रदेशों की हालत ऐसी है कि उन्हें 10 प्रतिशत ब्याज दर पर भी पैसा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग हरियाणा में आने के लिए तैयार हैं। निरंतर नई–नई कंपनियां स्थापित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने भ्रष्टाचार, क्राइम और जाति आधारित राजनीति पर भी प्रहार किया है। गैंगस्टर और नशा तस्करों पर प्रहार किया है और उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए हैं। आज योग्यता के आधार पर लोगों को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन पर भी कार्य किया है।



# जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

(दिनांक 02.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर कहा कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण दोनों ही पब्लिक सेक्टर संगठन हैं। ऐसे में किसी भी औद्योगिक अथवा अन्य क्षेत्र के विकास की ज़िम्मेदारी एक ही संगठन की रहेगी। फरीदाबाद के सेक्टर 58 व 59 के प्लाटों व अन्य सुविधाओं को लेकर एचएसआईआईडीसी व एचएसवीपी के बीच पैदा हुई एक समस्या का समाधान करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह निर्देश दिए।

आज की बैठक में 16 शिकायतें रखी गई, जिसमें से 14 शिकायतों का समाधान किया गया। बैठक में मिथिला नवयुवक संघ की एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने रिकार्ड न देने वालों के खिलाफ नोटिस जारी करने व फिर भी रिकार्ड न देने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कमेटी के कन्वीनर को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस सोसायटी के लिए डीईटीसी साउथ पुनित शर्मा को तत्काल प्रभाव से संस्था के प्रशासक भी लगाने के निर्देश दिए।



# दिल्ली विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित "हर घर ध्यान" कार्यक्रम में शिरकत

(दिनांक 02.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के बहुउदेशीय हाल में आर्ट आफ लिविंग तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष व्याख्यान "हर घर ध्यान" कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित जनों को संबोधित कर कहा कि वर्तमान राज्य सरकार मनुष्य निर्माण पर ध्यान दे रही है और इसी कड़ी में शिक्षा में नैतिकता और इतिहास की अच्छी बातों को आगे बढाने पर फोकस किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पद्म विभूषण श्रद्धेय गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है





जो अपने आप में जीवन के मूल्यों का सार है और गीता का संदेश युद्ध के मैदान में दिया गया था जो आज भी पूरी दुनिया के लिए सार्थक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के प्रत्येक जिला व खण्ड स्तर पर गीता के संदेश व शिक्षा को पहुंचाने के लिए गीता जयंती मनाई जाती है और कुरूक्षेत्र में यह कार्यक्रम 18 दिनों तक मनाया जाता है ताकि जीवन मूल्यों के प्रति लोगों का जागरूक किया जा सकें। उन्होंने कहा कि गीता जयंती कार्यक्रम को हमारी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का काम किया है जिसके तहत इंग्लैंड, कनाडा और मॉरीशस इत्यादि देशों में गीता जयंती को मनाया गया है। उन्होंने बताया कि अगले माह ही आस्ट्रेलिया में गीता जयंती कार्यक्रम मनाया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यदि हम 'तेरा है, मेरा है', को छोड़कर देश और प्रदेश को एक परिवार के रूप में देखेंगें तो देश व प्रदेश आगे बढेगा। तनाव से मुक्ति पाने के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूप से ध्यान को अपने जीवन में धारण करने से तनाव से

मुक्ति पाई जा सकती है। इसके अलावा, योग व ध्यान से तनाव को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज हम आधुनिक जीवन में काफी तरक्की कर गए हैं और बड़ी–बड़ी मशीनरी और हथियार बना रहे हैं, लेकिन अगर सूझ–बूझ नहीं रखेंगें तो इनको संभालना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने अपने बचपन व युवावस्था के दौरान के अनुभवों को भी साझा किया और बताया कि 47 साल पहले वर्ष 1975 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री की थी और यह डिग्री उन्हें आज दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा प्रदान की गई है जिसके लिए वे दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों व कुलपति के आभारी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मनाये जा रहे शताब्दी समारोह–हर घर ध्यान कार्यक्रम






के लिए अपनी ओर से बधाई व शुभकामनाएं भी दी। इसके उपरांत, आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पदम विभूषण ऋदेय गुरूदेव श्री श्री रविशंकर ने अपने संबोधन में तनाव को दूर करने के संबंध में कहा कि आज दुनिया में हर 40 सेंकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है। इसी प्रकार, अमेरिका में साल 2022 में 400 डाक्टरों ने आत्महत्या की। उन्होंने कहा कि इन सबके पीछे तनाव सबसे बड़ा कारण है इसलिए ध्यान करने से तनाव कम होता है और मानसिक स्फूर्ति भी मिलती है। उन्होंने कहा कि जिंदगी के क्षणों को ऐसे जियो कि ''हसंते रहो और हंसाओ, मत फंसो और न फंसाओं''। उन्होंने कहा कि ध्यान करने से 100 से अधिक लाभ हमारे शरीर को प्राप्त होते हैं। इस मौके पर आर्ट आफॅ लिविंग के संस्थापक जी ने 22 मिनट तक उपस्थित जनों को ध्यान का अभ्यास करवाया और कुछ उपस्थित जनों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

# संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

(दिनांक 04.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने निवास संत कबीर कुटीर पर मैजेस्टिक इन्वेस्टमेंट के सीईओ व शेख मजीद अल मुअल्ला ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के फाउंडर शेख मजिद राशिद अल मुअल्ला तथा कंपनी के सीओओ डॉ कबीर ने शिष्टाचार मुलकात की। इस दौरान हरियाणा में निवेश करने की संभानवाएं तलाशने तथा विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में इंडो–अरब बिजनेस संबंधों को मजबूती देने के लिए भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि



# साप्ताहिक सूचना पत्र




हरियाणा में उद्योग अनुकूल माहौल है और आज सरकार नये उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक रियायतों के साथ विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा वैश्विक स्तर पर निवेशकों के लिए पहली पसंद बनकर उभरा है। इंडो–अरब बिजनेस संबंधों को मजबूती मिलने से हरियाणा को भी लाभ होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बी2बी, जी2जी, बी2जी आदि व्यवसायों के विभिन्न मॉडलों में से राज्य सरकार एच2एच यानी हार्ट टू हार्ट मॉडल से काम करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हरियाणा में विदेश सहयोग विभाग का गठन किया गया है, जो विदेशी कंपनियों व विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर हरियाणा में निवेश करने व व्यापार बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के नये लाभार्थियों से सीधा संवाद करना

(दिनांक 04.03.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के किसी न किसी वर्ग के साथ सीधा संवाद करने की शृंखला में आज वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के नये लाभार्थियों से संवाद किया। वृद्धजनों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े, यह सब परिवार पहचान पत्र के कारण संभव हो सका है। अनेक लाभार्थियों ने कहा कि स्वयं मुख्यमंत्री उनसे बात करेंगे, ऐसा उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था।

ऑडियो कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बुढ़ापा पेंशन वह पहली स्कीम है, जिसे सरकार ने परिवार पहचान पत्र से जोड़ा और यह अत्यंत सफल प्रयोग रहा है।

उन्होंने कहा कि विगत 6 माह के दौरान ऑटोमेथटिकली लगभग 16,500 बुजुर्गों की पेंशन बनी है, जिनसे आज यह संवाद किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 72 लाख परिवार ही मेरा परिवार हैं, जिनके प्रत्येक सदस्य की चिंता राज्य सरकार कर रही है। सरकार पीपीपी के साथ सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं को जोड़ रही है ताकि पात्र व्यक्ति को

घर बैठे ही उनका लाभ मिले और कोई भी अपात्र व्यक्ति लाभ न ले पाये।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता की शुरुआत 100 रुपये की राशि से हुई थी और जब वर्ष 2014 में हमने सरकार बनाई, उस समय यह राशि 1 हजार रुपये थी, जिसे हमने 2500 रुपये तक बढ़ाया। अब 2500 रुपये से बढ़कर 1 अप्रैल, 2023 से 2,750 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। इसके लिए भी वृद्धजनों ने माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार जताया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार द्वारा वर्तमान में साढ़े 18 लाख बुजुर्गों को लगभग 460 करोड़ रुपये की राशि प्रतिमाह प्रदान की जा रही है। राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2023–24 के बजट में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आय की पात्रता सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये वार्षिक की है। भविष्य में जो व्यक्ति 60 साल की आयु पूरी कर लेगा तथा पति–पत्नी की आय 3 लाख रुपये वार्षिक से कम होगी, उनकी पेंशन ऑटोमेटिक शुरू हो जाएगी। उनसे केवल पेंशन लेने की सहमति ली जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 के बजट में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए प्रहरी योजना भी शुरू करने जा रहे हैं। परिवार पहचान पत्र के डेटा से पता चला है कि प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक आयु के सवा दो लाख बुजुर्ग हैं। इनमें से 3600 बुजुर्ग ऐसे हैं, जो अकेले रह रहे हैं। प्रहरी योजना में इन बुजुर्गों की कुशलक्षेम जानने के लिए सरकारी कर्मचारी या वॉलंटीयर्स महीने में एक बार उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने जाएंगे। यदि किसी बुजुर्ग को चिकित्सा सहायता, सम्पत्ति की सुरक्षा अथवा किसी अन्य मदद की जरूरत होगी, तो संबंधित सरकारी विभाग के माध्यम से उसकी मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक सेवा आश्रम योजना के तहत सरकार द्वारा अकेले रह रहे बुजुर्गों की देखभाल सेवा आश्रमों में की जाएगी।